दैनिक सामयिकी: १२.०५.२०२१

1. भारत ने तीसरी आर्कटिक विज्ञान मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लिया

- तीसरी आर्कटिक विज्ञान मंत्रिस्तरीय बैठक (ASM3) जिसका शीर्षक **"नॉलेज फॉर ए सस्टेनेबल आर्कटिक"** है, को 8 और 9 मई, 2021 को टोक्यो में **जापान और आइसलैंड की सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित** किया गया।
- ASM3 एशिया की पहली मंत्रिस्तरीय बैठक है।
- केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने भारत का प्रतिनिधित्व किया और हितधारकों के साथ आर्कटिक क्षेत्र में अनुसंधान, कार्य और सहयोग के लिए भारत के दृष्टिकोण और दीर्घकालिक योजनाओं को साझा किया।
- USA के सहयोग से **NISER** (NASA-ISRO सिंथेटिक एपर्चर रडार) उपग्रह मिशन का शुभारंभ हो रहा है।

- **सस्टेनेबल आर्कटिक ऑब्जर्वेशन नेटवर्क (SAON)** में भारत का योगदान जारी रहेगा।
- **नोट:** पहली दो बैठकों **ASM1 और ASM2** का क्रमश: USA में 2016 और 2018 में जर्मनी में आयोजन किया गया था।
- 2013 से, भारत को बारह अन्य देशों (जापान, चीन, फ्रांस, जर्मनी, UK, इटली, स्विट्जरलैंड, पोलैंड, स्पेन, नीदरलैंड, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया) के साथ **आर्कटिक परिषद** में पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है।
- पेरिस में स्वालबार्ड संधि पर हस्ताक्षर के साथ आर्कटिक के साथ भारत का जुड़ाव 1920 से है।

- जुलाई 2008 के बाद से, भारत के पास आर्कटिक में नॉर्वे के स्वालबार्ड क्षेत्र के न्यालेसुंड में **हिमाद्री** नामक एक स्थायी अनुसंधान स्टेशन है।
- इसने जुलाई 2014 से कांग्सजोर्डन जोर्ड में **इंडआर्क** नामक एक बहु-संवेदक यथास्थल वेधशाला भी तैनात की है।

2. केंद्र ने 25 राज्यों में पंचायतों को 8923.8 करोड़ रुपये जारी किए

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA

वित्त मंत्रालय
MINISTRY OF FINANCE

व्यय विभाग
DEPARTMENT OF
EXPENDITURE

सत्यमेव जयते

- वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने ग्रामीण स्थानीय निकायों (RLB) को अनुदान उपलब्ध कराने के लिए 25 राज्यों में पंचायतों को 8923.8 करोड़ रुपये की राशि जारी की।
- ये अनुदान पंचायती राज संस्थानों की सभी तीन श्रेणियों-गांव, प्रखंड और जिला के लिए हैं।
- जारी राशि वर्ष 2021-22 के लिए 'मुक्त अनुदान' की पहली किस्त है।
- इसका उपयोग RLB द्वारा अन्य चीजों के अतिरिक्त, COVID-19 महामारी से लड़ने के लिए आवश्यक विभिन्न रोकथाम संबंधी तथा राहत उपायों के लिए किया जा सकता है।
- **नोट:** 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार, मुक्त अनुदान की पहली किस्त राज्यों को जून, 2021 में जारी की जानी थी।
- वर्तमान में जारी COVID-19 महामारी की स्थिति तथा पंचायती राज्य मंत्रालय की अनुशंसाओं को देखते हुए, वित्त मंत्रालय ने सामान्य कार्यक्रम से पहले ही अनुदान जारी करने का फैसला किया है।

3. RBI ने RRA 2.0 की सहायता के लिए एक सलाहकार समूह का गठन किया

- भारतीय रिज़र्व बैंक ने 01 मई 2021 से प्रारंभ एक वर्ष की अवधि के लिए एक विनियमन समीक्षा प्राधिकारी (RRA 2.0) की स्थापना की है।
- RRA आंतरिक रूप से विनियामक निर्धारण की समीक्षा करेगा और साथ ही उनके सरलीकरण और कार्यान्वयन को आसान बनाने के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित संस्थाओं और अन्य हितधारकों से सुझाव आंमत्रित करता है।
- RRA 2.0 की कार्य संरचना में निर्धारित उद्देश्य को प्राप्त करने में RRA का समर्थन करने के लिए RRA ने एक सलाहकार समूह का गठन किया है जिसमें अनुपालन अधिकारियों सहित विनियमित संस्थाओं के सदस्यों को शामिल किया गया है।
- **समूह की संरचना निम्नानुसार है:**

1.	**श्री एस.जानकीरामन, प्रबंध निदेशक, भारतीय स्टेट बैंक**	**अध्यक्ष**
2.	श्री टी.टी. श्रीनिवासराघवन	सदस्य
3.	श्री गौतम ठाकुर	सदस्य
4.	श्री सुबीर साहा	सदस्य
5.	श्री रवि दुवुरु	सदस्य
6.	श्री अबदान विक्काजी	सदस्य

- **नोट: श्री एम राजेश्वर राव, उप गवर्नर** को विनियमन समीक्षा प्राधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

4. पुड्डुचेरी 'हर घर जल' वाला केंद्र शासित प्रदेश बना

Har Ghar Jal
Jal Jeevan Mission

- पुड्डुचेरी 'हर घर जल' के लक्ष्य को प्राप्त करने वाला केंद्र शासित प्रदेश बन गया है क्योंकि यहां हर ग्रामीण घर में नल द्वारा पानी कनेक्शन सुनिश्चित कर दिया गया है।

- केंद्र सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रम, जल जीवन मिशन के तहत हर ग्रामीण घर तक पानी की आपूर्ति करने वाला **पुड्डुचेरी चौथा केंद्र शासित प्रदेश** बन गया है। इससे पहले **गोवा, तेलंगाना और अंडमान और निकोबार द्वीप** समूह इस लक्ष्य पर प्राप्त कर चुके हैं।
- पुड्डुचेरी के सभी 1.16 लाख ग्रामीण घरों में अब पानी की आपूर्ति है।
- **नोट:** इसके अलावा, पंजाब और दादरा और नागर हवेली और दमन और दीव ने भी सुनिश्चित नल जल आपूर्ति के साथ 75 प्रतिशत ग्रामीण घरों को कवर करने का मील का पत्थर हासिल कर लिया है।
- **JJM (जल जीवन मिशन) के बारे में:** यह केंद्र सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण घर में नल द्वारा जल कनेक्शन उपलब्ध कराना है।

5. उज्ज्वला सिंघानिया ने FICCI FLO के 38 वें राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप में कार्यभार संभाला

- उज्ज्वला सिंघानिया को **FICCI लेडीज ऑर्गनाइजेशन (FLO)** के 38 वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है, जो दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे पुरानी महिला-नेतृत्व वाली और महिला-केंद्रित व्यवसायिक समिति है।
- **FLO के बारे में:** इसकी स्थापना 1983 में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (FICCI) के एक डिवीजन के रूप में की गई थी, जो भारत में उद्योग और वाणिज्य की सर्वोच्च संस्था है।

FICCI flo
The Power to Empower

6. IREDA को "ग्रीन उर्जा अवार्ड" प्रदान किया गया

- इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी लिमिटेड (IREDA) को भारतीय चैंबर ऑफ कॉमर्स (ICC) द्वारा इस वर्ष के लिए अक्षय ऊर्जा के लिए वित्त पोषण संस्थान में अग्रणी सार्वजनिक संस्थान होने के लिए "ग्रीन उर्जा अवार्ड" से सम्मानित किया गया है।
- यह पुरस्कार अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के महानिदेशक डॉ अजय माथुर द्वारा IREDA के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (CMD) श्री प्रदीप कुमार दास ने प्राप्त किया।
- IREDA को ग्रीन एनर्जी फाइनेंसिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और विकास के लिए पुरस्कार मिला है।
- **इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी लिमिटेड (IREDA) के बारे में:** यह नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) के प्रशासनिक नियंत्रण में भारत सरकार का एक मिनी रत्न (श्रेणी - I) है।

7. 2021 मैड्रिड ओपन (टेनिस)

- 2021 मैड्रिड ओपन 30 अप्रैल - 9 मई 2021 तक मैड्रिड, स्पेन के पार्क मंज़नारेस में आयोजित किया गया था। यह ATP टूर में 19 वां संस्करण और WTA टूर में 20 वां आयोजन था।
- **विजेताओं की सूची:**

पुरुष एकल	महिला एकल	पुरुष युगल	महिला युगल
विजेता- एलेक्जेंडर ज्वेरेव (जर्मनी) **उपविजेता-** माटेओ बेरेटिनी (इटली)	**विजेता-** आर्यन सबलेंका (बेलारूस) **उपविजेता-** एशले बार्टी (ऑस्ट्रेलिया)	**विजेता-** होरासियो जेबालोस (अर्जेंटीना), मार्सेल ग्रेनोलर्स (स्पेन) **उपविजेता-** निकोला मेक्टिक (क्रोएशिया), मेट पैविक (क्रोएशिया)	**विजेता-** बारबोरा क्रेजिक्कोवा (चेक गणराज्य), कटरीना सिनाकोवा (चेक गणराज्य) **उपविजेता-** गैब्रिएला डाब्रोव्स्की (कनाडा), डेमी शूर्स (नीदरलैंड)

8. 12 मई, अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस

- अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस (IND) प्रत्येक वर्ष 12 मई (फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म की सालगिरह) पर दुनिया भर में मनाया जाने वाला एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है, जो नर्स समाज में योगदान देने के लिए करता है।
- 2021 के लिए विषय **नर्स: ए वॉयस टू लीड - ए विजन फॉर फ्यूचर हेल्थकेयर** है।